NABARD

DEPARTMENT OF SUPERVISION - CSITE

# MYTH BUSTERS

## CYBERSECURITY AWARENESS MONTH 2025

STAY SAFE ONLINE!

# MYTH:

Cyberattacks only happen to large companies, I am too small to be targeted by hackers.

# FACT:

Hackers often prefer easier targets. Small businesses and individuals typically have fewer defenses, making them tempting targets.



# गलतफहमी:

साइबर हमले केवल बड़ी कंपनियों पर ही होते हैं, मैं बहुत छोटा हूँ, मुझ पर हैकर क्या हमला करेंगे.

# तथ्य:

हैकर अक्सर आसान शिकार पसंद करते हैं. छोटे व्यवसायों और व्यक्तियों के पास आमतौर पर कम सुरक्षा उपाय होते हैं, जिससे वे आकर्षक शिकार बन जाते हैं.




# MYTH:

Having antivirus
software is enough.

# FACT:

Think of it like locking your front door but leaving the windows wide open. Antivirus is valuable, but needs extra layers of security to stay truly safe.




# गलतफहमी:

एंटीवायरस सॉफ्टवेयर
होना ही पर्याप्त है.

# तथ्य:

इसे ऐसे समझें जैसे आपने अपने सामने का दरवाज़ा तो बंद कर दिया है, लेकिन खिड़कियाँ पूरी तरह से खुली छोड़ दी हैं. एंटीवायरस उपयोगी तो होता है, लेकिन पूरी तरह सुरक्षित रहने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की भी ज़रूरत होती है.



# MYTH:

A strong password is all I need.

# REALITY:

Great start! But adding an extra step, like a one-time code sent to your phone/ email (two-factor authentication), makes your account much more secure.



# गलतफहमी:

मुझे सिर्फ एक मजबूत पासवर्ड की ही आवश्यकता है.

# तथ्य:

शानदार शुरुआत! किन्तु एक अतिरिक्त कदम, जैसे आपके फ़ोन/ ईमेल पर एक-बारगी भेजा जाने वाला कोड (टू-फ़ैक्टर ऑथेंटिकेशन), आपके खाते को अधिक सुरक्षित बना देता है.



# MYTH:

I'll realize if someone has hacked into my account.

# FACT:

Most people aren't aware they've been compromised. Hackers can stay hidden in your system for weeks or even months before you notice.



# गलतफहमी:

अगर किसी ने मेरे खाते को हैक कर लिया है तो मुझे पता चल जाएगा.

# तथ्य:

ज़्यादातर लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनके सिस्टम में सेंधमारी हुई है. हैकर्स आपके सिस्टम में हफ़्तों या महीनों तक छिपे रह सकते हैं, इससे पहले कि आपको पता चले.



# MYTH:

Using public Wi-Fi is safe if I'm just browsing.

# FACT:



Hackers can easily eavesdrop on your activity on public Wi-Fi networks. To stay safe, consider using a Virtual Private Network (VPN) or avoid entering personal information/performing transactions when on these networks.

# गलतफहमी:

यदि मैं केवल ब्राउज़िंग कर रहा हूँ तो सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करना सुरक्षित है.

# तथ्य:



हैकर सार्वजनिक वाई-फ़ाई नेटवर्क पर आपकी गतिविधियों पर आसानी से नज़र रख सकते हैं. सुरक्षित रहने के लिए, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल करें या खुले नेटवर्क पर व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने/ लेनदेन करने से बचें.

# MYTH:

Macs can’t get viruses.

# FACT:

Macs are not immune. Any device connected to the internet can be targeted by malicious software, so it's always good to stay cautious.



# गलतफहमी:

मैक में वायरस नहीं आ
सकते.

# तथ्य:

मैक भी इससे अछूते नहीं हैं. इंटरनेट से जुड़ा कोई भी उपकरण दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर का निशाना बन सकता है, इसलिए हमेशा सतर्क रहना अच्छा होता है.



# MYTH:

If I just follow the rules,
I'll be safe.

# FACT:

Rules are helpful, but hackers don't always play by the same game. Staying aware and keeping your knowledge up-to-date is just as important.



# गलतफहमी:

अगर मैं नियमों का पालन करूँ तो सुरक्षित रहूँगा/रहूँगी.

# तथ्य:

नियम मददगार होते हैं, लेकिन हैकर हमेशा एक ही रणनीति नहीं अपनाते. जागरूक रहना और अपनी जानकारी को अपडेट रखना भी उतना ही ज़रूरी होता है.



# MYTH:

Hackers only target money.

# FACT:

They also steal personal details, photos, contacts —anything valuable they can sell or misuse.



# गलतफहमी:

हैकर्स केवल पैसे को ही निशाना बनाते हैं.

# तथ्य:

वे व्यक्तिगत विवरण, फोटो, संपर्क - कोई भी मूल्यवान चीज चुरा लेते हैं जिसे वे बेच सकते हैं या जिसका वे दुरूपयोग कर सकते हैं.



# MYTH:

I don’t save anything important on the internet.

# FACT:

Even if you think your emails or social media are just casual, hackers can still misuse them if they gain access. It’s good to stay cautious!




# गलतफहमी:

मैं इंटरनेट पर कोई भी महत्वपूर्ण चीज़ सेव नहीं करता/ करती.

# तथ्य:

भले ही आपको लगता हो कि आपके ईमेल या सोशल मीडिया अकाउंट सामान्य हैं, फिर भी हैकर्स अगर उन तक पहुँच बना लेते हैं तो उनका गलत इस्तेमाल कर सकते हैं. सतर्क रहना ही बेहतर है!



नाबार्ड

# NATIONAL CYBERCRIME HELPLINE NUMBER 1930

**Email: csite@nabard.org**
**Contact: 022-2653 9028/ 9250/ 9484/ 9163**